




वार्षिक रिपोर्ट 2008-09

Food Safety and Standards Authority of India

fssai

भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण

स्वस्थ जीवन के लिए सुरक्षित खाद्य



fssai

विषय सूची

पर्यवलोकन	5
संघटन	10
समितियां और पैनल	14
एफएसएसएआई में प्रशासनिक प्रभाग	17
क्रियाकलाप	39
रोडमैप	42
व्यय विवरण	45

भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) का पर्यवलोकन

भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण की स्थापना, खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के अंतर्गत, खाद्य की वस्तुओं के विज्ञान आधारित मानक निर्धारित करने और खाद्य पदार्थों का विनिर्माण, प्रसंस्करण, वितरण, बिक्री और आयात विनियमित करने के लिए एक सांविधिक निकाय के रूप में की गई थी ताकि मानव द्वारा खपत के लिए सुरक्षित और स्वास्थ्यकर खाद्य सुनिश्चित किया जा सके।

खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 की मुख्य विशिष्टताएं

खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 का उद्देश्य, बहु–स्तरीय, बहु–विभागीय नियंत्रण से हटा कर, प्रभुत्व की एक एकल प्रणाली में लाने हेतु खाद्य सुरक्षा एवं मानकों से संबंधित सभी मामलों के लिए एक एकल संदर्भ स्थान स्थापित करना है। विभिन्न अधिनियम और आदेश जो अब तक विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में खाद्य संबंधित मुद्दे संचालित करते थे, उन्हें समेकित किया जाएगा। इस प्रकार, खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के प्रारंभ होने के पश्चात खाद्य अपमिश्रण अधिनियम, 1954, फल उत्पाद आदेश, 1955, मांस खाद्य उत्पाद आदेश, 1973, वनस्पति तेल उत्पाद (नियंत्रण) आदेश, 1947, खाद्य तेल पैकेजिंग (विनियमन) आदेश, 1998, विलायक निष्कर्षण तेल, वितैलित अवचूर्ण और खाद्य आटा (नियंत्रण) आदेश, 1967, दुग्ध एवं दुग्ध उत्पाद आदेश, 1992 आदि निरस्त कर दिए जाएंगे।

प्राधिकरण की स्थापना

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार, एफएसएसएआई का प्रशासनिक मंत्रालय है। 22 सदस्यों के साथ प्राधिकरण की अधिसूचना 5 सितंबर, 2008 को की गई थी। प्राधिकरण का मुख्य कार्यालय दिल्ली में है। अध्यक्ष और मुख्य कार्यपालक अधिकारी, क्रमशः भारत सरकार के सचिव और अपर सचिव के रैंक के हैं।

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के पूर्व सचिव **श्री पी.आई. सुवरत्न** को 10 जून, 2008 को एफएसएसएआई का **पहला अध्यक्ष** नियुक्त किया गया है। **श्री जी. बालचन्द्रन,** प्राधिकरण के पहले मुख्य कार्यकारी अधिकारी थे और उनके स्थान पर **श्री वी.एन. गौड़** ने प्राधिकरण के **मुख्य कार्यकारी अधिकारी** के रूप में 10 फरवरी, 2009 (पूर्वाह्न) को पदभार संभाला।

एफडीए भवन का उद्घाटन

प्राधिकरण के कर्त्तव्य और कार्य

एफएसएसएआई को निम्नलिखित कार्य करने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 द्वारा अधिदेशाधीन लाया गया था:

- खाद्य पदार्थों के संबंध में मानक और दिशानिर्देश निर्धारित करने हेतु विनियम बनाना और इस प्रकार अधिसूचित किए गए विभिन्न मानक लागू करने की समुचित प्रणालियों का विशेष विवरण देना।
- खाद्य व्यवसायों के लिए खाद्य सुरक्षा प्रबंधन प्रणालियों के प्रमाणन में लगे प्रमाणन निकायों की मान्यता हेतु प्रक्रिया–तंत्र और दिशानिर्देश निर्धारित करना।
- प्रयोगशालाओं को मान्यता प्रदान करने और मान्यताप्राप्त प्रयोगशालाओं की अधिसूचना के लिए प्रक्रिया और दिशानिर्देश निर्धारित करना।
- ऐसे क्षेत्रों, जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से खाद्य सुरक्षा और पोषाहार से संबंधित हैं, में नीति और नियम बनाने के मामलों में केंद्रीय सरकार और राज्य सरकारों को वैज्ञानिक सलाह तथा तकनीकी सहायता प्रदान करना।
- खाद्य उपभोग, जैविक खतरे की घटना और प्रचलन, खाद्य में संदूषकों और खाद्य उत्पादों में विभिन्न संदूषकों के अवशेषों से संबंधित आंकड़े एकत्र करना और उन्हें मिलाना।
- पूरे देश में एक सूचना नेटवर्क सृजित करना ताकि जनता, उपभोक्ता, पंचायतें आदि खाद्य सुरक्षा और सरोकार के मुद्दों के बारे में त्वरित, विश्वसनीय और वस्तुपरक सूचना प्राप्त कर सकें।
- उन व्यक्तियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम उपलब्ध करना जो खाद्य व्यवसायों में शामिल हैं या शामिल होने की मंशा रखते हैं।
- खाद्य, स्वच्छता और वानस्पतिक स्वच्छता मानकों के अंतर्राष्ट्रीय तकनीकी मानकों के विकास में योगदान करना।
- खाद्य सुरक्षा और खाद्य मानकों के बारे में आम जागरूकता को प्रोत्साहित करना।

प्राधिकरण की बैठक

एफएसएसएआई का संघटन

एफएसएसएआई में एक अध्यक्ष, सदस्य–सचिव और 22 सदस्य हैं, जो निम्नलिखित हैं:

अध्यक्ष

श्री पी.आई. सुवरत्न

सदस्य–सचिव

श्री जी. बालचन्द्रन (9 फरवरी, 2009 तक)

श्री वी.एन. गौड़ (10 फरवरी, 2009 से)

धारा 5(1)(क) के अंतर्गत पदेन सदस्यगण

1. श्रीमती उपमा चौधरी, संयुक्त सचिव (कृषि)
2. श्री दिनेश शर्मा, संयुक्त सचिव (वाणिज्य)
3. श्री संजय सिंह, संयुक्त सचिव (उपभोक्ता मामले)
4. श्री के. राजेश्वर राव, संयुक्त सचिव (खाद्य प्रसंस्करण)*
5. श्री देबाशीष पांडा, संयुक्त सचिव (स्वास्थ्य)
6. डॉ. संजय सिंह, संयुक्त सचिव (विधायी)
7. श्री संजीव कौशल, संयुक्त सचिव (लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय)**

खाद्य उद्योग के दो प्रतिनिधि–लघु उद्योग से

8. सुश्री मोना मल्होत्रा चोपड़ा, अखिल भारतीय खाद्य प्रसंस्करण एसोसिएशन

बृहत उद्योग से

9. सुश्री इन्द्राणी कर, निदेशक एवं प्रधान, कृषि एवं खाद्य प्रभाग, सीआईआई

उपभोक्ता संगठनों के दो प्रतिनिधि

10. श्रीमती वसुंधरा प्रमोद देवधर मुंबई ग्राहक पंचायत
11. श्री बेजों मिश्रा, कार्यकारी निदेशक, उपभोक्ता समन्वय परिषद, नई दिल्ली

तीन प्रतिष्ठित खाद्य प्रौद्योगिकीविद / वैज्ञानिक

12. डॉ. एस. गिरिजा, समेकित मत्स्य परियोजना, कृषि एवं सहकारिता मंत्रालय, कोचीन (महिला)
13. डॉ. एन.एन. वार्ष्णेय, सलाहकार, एनडीडीबी, आनंद
14. डॉ. सुश्री इंदिरा चक्रवर्ती, निदेशक, एआईआईएच एवं जन स्वास्थ्य, कोलकाता

राज्यों / संघशासित क्षेत्रों के पांच प्रतिनिधि

15. श्री तपे बागरा, सचिव, स्वास्थ्य, अरुणाचल प्रदेश सरकार

16. डॉ.(श्रीमती) पी. सुचरिता मूर्ति, निदेशक, निवारक औषधि संस्थान, आंध्र प्रदेश
17. डॉ.एस.के. पॉल, उप निदेशक (स्वास्थ्य), अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह प्रशासन
18. श्रीमती नवराज संधु, आयुक्त एवं सचिव (स्वास्थ्य), हरियाणा सरकार
19. श्री शिव नारायण साहू, उप औषधि नियंत्रक, बिहार सरकार

किसान संगठनों के दो प्रतिनिधि

20. डॉ. (श्रीमती) टी.ए. कादरभाई, अंगूर उत्पादक संघ, पुणे, अंगूर उत्पादक
21. श्री वी. बालासुब्रामणियम, महासचिव, भारतीय झींगा कृषक परिसंघ – समुद्री भोजन / मत्स्य

खुदरा विक्रेता संगठनों का एक प्रतिनिधि

22. श्री गिब्सन जी. वेदमणि, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, भारतीय खुदरा विक्रेता संघ, मुंबई

* श्री गौतम सान्याल, संयुक्त सचिव को मंत्रालय का प्रतिनिधित्व करने के लिए 18 दिसम्बर, 2008 को खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय द्वारा नामित किया गया था और उन्होंने दिनांक 19 दिसम्बर, 2008 को हुई प्राधिकरण की पहली बैठक में भाग लिया।

** श्री के.एस. लुडु, अपर विकास आयुक्त को मंत्रालय का प्रतिनिधित्व करने के लिए 28 नवम्बर, 2008 को लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा नामित किया गया था और उन्होंने दिनांक 19 दिसम्बर, 2008 को हुई प्राधिकरण की पहली बैठक में भाग लिया।

बायें और ऊपरः– प्राधिकरण के सदस्य विचार –विमर्श करते हुए

समितियां और पैनल

केंद्रीय सलाहकार समिति

खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 की धारा 11 एफएसएसएआई को इस बात के लिए प्राधिकृत करती है कि वह एक समिति गठित कर सकती है, जिसे केंद्रीय सलाहकार समिति (सीएसी) के रूप में जाना जाएगा। केंद्रीय सलाहकार समिति, कार्यक्रम, कार्य की वरीयता निर्धारित करने, संभावित खतरों और जानकारी के एकत्रीकरण पर प्राधिकरण को सलाह देगी। केंद्रीय सलाहकार समिति में निम्नलिखित के हितों का प्रतिनिधित्व करने वाले दो–दो सदस्य होंगे:

- खाद्य उद्योग
- कृषि
- उपभोक्ता संगठन
- संबंधित अनुसंधान निकाय
- खाद्य प्रयोगशालाएं

राज्यों/ संघशासित क्षेत्रों के सभी खाद्य सुरक्षा आयुक्त और वैज्ञानिक समिति का अध्यक्ष भी इसके सदस्य होंगे।

कृषि, पशुपालन और दुग्ध उद्योग, जीव प्रौद्योगिकी, वाणिज्य मामले, पर्यावरण एवं वन, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग, स्वास्थ्य, पंचायती राज, लघु उद्योग और खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण या सरकारी संस्थानों या संगठनों और सरकारी मान्यताप्राप्त किसान संगठनों में केंद्रीय सरकार के संबंधित मंत्रालयों या विभागों के प्रतिनिधि, केंद्रीय सलाहकार समिति की चर्चाओं के लिए आमंत्रित व्यक्ति होंगे। एक बार गठित हो जाने के पश्चात इसमें 46 सदस्य होंगे।

प्राधिकरण ने, केंद्रीय सलाहकार समिति के लिए नामांकन आमंत्रित कर लिए हैं और कारोबार चलाने के लिए विनियमावली तथा केंद्रीय सलाहकार समिति की प्रक्रिया के नियमों का मसौदा तैयार कर लिया है। खाद्य प्राधिकरण ने अपनी पहली बैठक में संकल्प पारित किया था कि केंद्रीय सलाहकार समिति से संबंधित विनियमावली के मसौदे को कुछ संशोधनों की शर्त के अधीन अनुमोदित किया जाए। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की टिप्पणियों के साथ–साथ ये संशोधन शामिल किए जा रहे हैं और विनियमावली तैयार की जा रही है। प्राधिकरण, केंद्रीय सलाहकार समिति के सदस्यों के नामों को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में है।



थाइलैंड का प्रतिनिधिमंण्डल

वैज्ञानिक समिति और वैज्ञानिक पैनल

खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 की धारा 13 और 14 एफएसएसएआई को इस बात के लिए प्राधिकृत करती है कि वह वैज्ञानिक पैनल गठित करे, जिसमें एफएसएसएआई को सलाह तथा वैज्ञानिक राय प्रदान करने के लिए, स्वतंत्र वैज्ञानिक विशेषज्ञ और वैज्ञानिक समिति हों।

वैज्ञानिक पैनलों में, खाद्य योगात्मक, कीटनाशक और प्रतिजैविक अवशिष्टों, उत्पत्ति संबंधी संशोधित अवयवों और खाद्य पदार्थों, जैविक खतरों, खाद्य श्रृंखलाओं में संदूषकों, लेबल चिपकाने, नमूनाकरण की पद्धतियों आदि जैसे क्षेत्रों के विशेषज्ञ होंगे। यह, जब कभी आवश्यकता होगी, अपनी चर्चाओं में, सुसंगत उद्योग और उपभोक्ता प्रतिनिधियों को आमंत्रित करेगा।

स्वतंत्र वैज्ञानिक विशेषज्ञ और वैज्ञानिक पैनलों के अध्यक्ष, जो वैज्ञानिक पैनलों के भाग नहीं हैं, वैज्ञानिक समिति में होंगे, जो विज्ञान से संबंधित मामलों पर प्राधिकरण के अंदर मुख्य सलाहकार निकाय होगा। वैज्ञानिक पैनलों में कवर न होने वाले मामलों या बहु–क्षेत्रक प्रभावों के कारण परस्पर व्यापन वाले मामलों पर वैज्ञानिक समिति द्वारा कार्रवाई की जाएगी । एफएसएसएआई ने, वैज्ञानिक पैनलों और वैज्ञानिक समिति में भाग लेने के लिए विशेषज्ञों से पहले ही प्रस्ताव आमंत्रित कर लिए हैं।

प्राधिकरण ने वैज्ञानिक समिति और वैज्ञानिक पैनलों के गठन और प्रचालन की प्रक्रिया पर विनियमावली का मसौदा तैयार कर लिया है। खाद्य प्राधिकरण ने अपनी पहली बैठक में संकल्प पारित किया था कि कुछ संशोधनों की शर्त के अधीन विनियमावली का मसौदा अनुमोदित किया जाए।

एफएसएसएआई में प्रशासनिक प्रभाग

1. प्रशासन

संगठनात्मक ढांचा

प्राधिकरण का अध्यक्ष मुख्य कार्यकारी अधिकारी है, जो एफएसएसएआई के दिन–प्रति–दिन के प्रशासन के लिए जिम्मेदार है। इस समय अल्पतम स्टाफ के साथ एक सचिवालय मौजूद है, जिसका विवरण निम्नलिखित है:

सक्रांतिकालीन प्रक्रिया–तंत्र

एफएसएसएआई इस समय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा आरंभतः स्वीकृत किए गए पदों के साथ कार्य कर रहा है।

एफएसएसएआई को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा आरंभतः स्वीकृत पद निम्नलिखित हैं:

क्रम सं.	पद का नाम	स्वीकृत संख्या
1.	अध्यक्ष	01
2.	मुख्य कार्यकारी अधिकारी (अपर सचिव के स्तर का)	01
3.	निदेशक	03
4.	उप निदेशक	06
5.	सहायक निदेशक	06
6.	वरिष्ठ लेखा अधिकारी	01
7.	सहायक लेखा अधिकारी	01
8.	वरिष्ठ निजी सचिव	02
9.	निजी सचिव	04
10.	सहायक	10
11.	आशुलिपिक	12
12	चपरासी	03
	कुल	**50**

विभिन्न मंत्रालयों / विभागों से स्थानांतरित स्टाफ

इसके अलावा, ऐसा विभिन्न स्टाफ, जो प्राधिकरण में कार्य कर रहा है, जिसे विभिन्न मंत्रालयों से स्थानांतरित किया गया है, ने अब तक खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 की दूसरी अनुसूची के अंतर्गत सूचीबद्ध विभिन्न आदेशों से संबंधित कार्य किए हैं।

खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 की धारा 90 में ऐसे विभिन्न मंत्रालयों/ विभागों से कार्मिकों के स्थानांतरण का उपबंध किया गया है, जो ऐसे कार्य संभाल रहे हैं, जो प्राधिकरण को सौंपे गए हैं। तदनुसार, इस धारा के अंतर्गत अधिसूचनाएं जारी की गई हैं, जिनमें विभिन्न मंत्रालयों/ विभागों से सभी संबंधित पदाधिकारियों को एफएसएसएआई में स्थानांरित किया गया है। ये कार्मिक मुख्यतः विभिन्न केंद्रीय अधिनियमों और खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 की दूसरी अनुसूची में तथा केंद्रीय खाद्य प्रयोगशालाओं में सूचीबद्ध किए गए आदेशों को लागू करने के काम में लगे हुए हैं।

खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 की दूसरी अनुसूची में सूचीबद्ध किए गए अधिनियम और आदेश

1. खाद्य अपमिश्रण निवारण अधिनियम, 1954 (1954 का 37)
2. फल उत्पाद आदेश, 1955
3. मांस खाद्य उत्पाद आदेश, 1973
4. वनस्पति तेल उत्पाद (नियंत्रण) आदेश, 1947
5. खाद्य तेल पैकेजिंग (विनियम) आदेश, 1998
6. विलायक निष्कर्षण तेल, वितैलित अवचूर्ण और खाद्य आटा (नियंत्रण) आदेश, 1967
7. दुग्ध और दुग्ध उत्पाद आदेश, 1992
8. आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 (1955 का 10) के अंतर्गत जारी किया गया कोई अन्य आदेश

विभिन्न मंत्रालयों से स्थानांतरित किया गया स्टाफ

आदेश / अधिनियम	मंत्रालय / विभाग	एफएसएसएआई में स्थानांतरित पदों की संख्या
एफपीओ	खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय	76
एमएफपीओ	खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय	50
पीएफए–मुख्यालय	स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय	22
पीएफए–प्रयोगशालाएं	स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय	160
एमएमपीओ	पशुपालन, दुग्ध उद्योग एवं मत्स्यपालन विभाग	2*
जोड़		**310**

* पशुपालन, दुग्ध उद्योग एवं मत्स्यपालन विभाग ने एमएमपीओ के अंतर्गत 7 पद स्वीकृत किए हैं। तथापि, एमएमपीओ के अंतर्गत केवल दो पद कर्मचारियों सहित स्थानांतरित कर दिए गए हैं।

पीएफए प्रयोगशालांए

प्रयोगशाला	पदों की संख्या
सीएफएल, कोलकाता	81
एफआरएसएल, गाजियाबाद	51
सीएफएल, मुंबई	18
सीएफएल, सोनौली	05
सीएफएल, रक्सौल	05
जोड़	**160**

** केंद्रीय खाद्य प्रयोगशाला, मुंबई प्रचालन में नहीं है।

टिप्पणी: खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के पास तीन आदेशों अर्थात वनस्पति तेल उत्पाद (नियंत्रण) आदेश, 1947; खाद्य तेल पैकेजिंग (विनियमन) आदेश, 1998 और विलायक निष्कर्षण तेल, तेल–रहित भोजन एवं खाद्य आटा (नियंत्रण) आदेश, 1967 के अंतर्गत 13 पद हैं। अब तक ये पद एफएसएसएआई को स्थानांतरित नहीं किए गए हैं।

स्टाफ के स्थानांतरण के पश्चात, पूरे देश में निम्नलिखित स्थानों पर एफएसएसएआई के कार्यालय हैं:

1. दिल्ली	2. मुंबई	3. चैन्नई	4. कोलकाता	5. गुवाहाटी
6. लखनऊ	7. चंडीगढ़	8 सोनौली	9. रक्सौल	10. गाजियाबाद

एफएसएसएआई का नया संगठनात्मक ढांचा और प्रस्तावित प्रशासनिक प्रक्रिया–तंत्र

प्राधिकरण ने अपनी पहली बैठक में प्रस्तावित संगठनात्मक ढांचे का अनुमोदन किया, जिसमें मुख्यालय, क्षेत्रीय कार्यालयों और प्रयोगशालाओं का स्टाफ शामिल है। इस ढांचे का डिजाइन, खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के अनुसार एफएसएसएआई के अधिदेश और खाद्य सुरक्षा एवं गुणवत्ता मुद्दों के बढ़ते हुए दायरे को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है।

सुरक्षा, मानकों, प्रवर्तन, अंतर्राष्ट्रीय सहयोग, प्रशासन, वित्त और सूचना प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों की पहचान कर ली गई है। एक बार भारत सरकार से प्रस्तावित पदों के अनुमोदन प्राप्त हो जाने पर, सृजित पदों को भरने हेतु सरकार, वैज्ञानिक समुदाय और बाह्य व्यक्तियों से उपयुक्त कार्मिकों का चयन किया जाएगा। इस संबंध में प्रस्ताव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को प्रस्तुत कर दिया गया है।

राज्यों में प्रक्रिया–तंत्र

राज्यों में पीएफए अधिनियम, 1954 का कार्यान्वयन, राज्य सरकारों द्वारा अधिसूचित खाद्य आयुक्तों द्वारा किया जाता है। निम्नलिखित 12 राज्य सरकारों ने अपने राज्य खाद्य आयुक्त अधिसूचित कर दिए हैं:

1. गुजरात सरकार	7. त्रिपुरा सरकार
2. केरल सरकार	8. तमिलनाडु सरकार
3. मध्य प्रदेश सरकार	9. पंजाब सरकार
4. नागालैंड सरकार	10. उड़ीसा सरकार
5. राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार	11. मेघालय सरकार
6. कर्नाटक सरकार	12. आंध्र प्रदेश सरकार

राज्य खाद्य आयुक्त, खाद्य कानूनों और एफएसएसएआई द्वारा जारी किए गए निर्देशों को लागू करने के लिए राज्य स्तरीय एजेंसियों के प्रमुख होंगे। प्राधिकरण, देश में लाई जाने वाली खाद्य मदों को विनियमित और मानीटरन करने के लिए हवाई अड्डों, बंदरगाहों, सीमाओं और अन्य प्रवेश स्थानों पर कार्मिक नामित करेगा।

II. खाद्य अपमिश्रण निवारण अधिनियम, 1954

यह अधिनियम, खाद्य अपमिश्रण निवारण नियमावली, 1955, जिसे 1955 में शामिल किया गया था, के साथ खाद्य के अपमिश्रण के निवारण हेतु उपबंध बनाने के लिए 1954 में संसद द्वारा बनाया गया था। मोटे तौर पीएफए अधिनियम में खाद्य मानकों, नमूनाकरण की सामान्य प्रक्रियाओं, खाद्य के विश्लेषण, प्राधिकृत अधिकारियों की शक्तियों, दण्डों के स्वरूप तथा खाद्य से संबंधित अन्य मानदण्डों को शामिल किया गया है। यह खाद्य योगात्मकों, परिरक्षकों, खाद्य पदार्थों में रंग मिलाने के मामलों, खाद्य पदार्थों के पैकिंग करने और लेबल चिपकाने, बिक्रियों के निषेध तथा विनियमन आदि से संबंधित है। एफपीओ की तरह, पीएफए नियमावली में संशोधन, केंद्रीय खाद्य मानक समिति, जिसका गठन केंद्रीय सरकार द्वारा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन किया गया है, की सिफारिश पर शामिल किए जाते हैं। इसमें देश के भिन्न–भिन्न क्षेत्रों से सदस्य हैं। पीएफए अधिनियम के उपबंधों और नियमावली का कार्यान्वयन राज्य सरकारों और स्थानीय निकायों द्वारा किया जाता है।

खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के अनुसार केंद्रीय सरकार द्वारा अधिसूचित किए जाने की तारीख से खाद्य अपमिश्रण निवारण अधिनियम, 1954 का निरस्तीकरण कर दिया जाएगा। नए मानक निर्धारित किए जाने तक पीएफए अधिनियम, 1954 और नियमावली, 1955 की शर्तें और अन्य उपबंध लागू रहने जारी रहेंगे।

खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 की धारा 90 के अनुसरण में अधिनियम को प्रशासित करने वाले स्टाफ के साथ–साथ पी एफ ए प्रभाग का कार्य दिसम्बर, 2008 में खाद्य प्राधिकरण को अंतरित कर दिया गया था। पी एफ ए प्रभाग ने खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के लिये निम्नलिखित

नियमावली और विनियमावली का आरंभिक मसौदा तैयार कर लिया है, जो राज्य सरकारों के परामर्श से आगे संवीक्षा किए जाने की प्रक्रिया में है। नियमावली और विनियमावली का मसौदा निम्नलिखित से संबंधित है :

(i) खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की योग्यता, खाद्य विश्लेषकों की योग्यता, नमूने भेजने की प्रक्रिया, एफएसओ के कार्य, खरीददार द्वारा प्रसंस्करित खाद्य को प्राप्त करने की प्रक्रिया, खाद्य प्रयोगशालाओं एवं अन्य अधिकारियों द्वारा की जाने वाली प्रक्रिया एवं कार्यों से संबंधित खण्ड 5,7,30,36,37,38,39,40,41,43,45,46,47,68,70,71,73,74, 75,76,77,78,81,82,83 एवं 84 के साथ पठित खण्ड 91 के उपखण्ड (2) के उपवाक्य बी से एम में प्रदत्त शक्तियों के संदर्भ में मसौदा नियम

(ii) खण्ड 47 के उपखण्ड (6) के अंतर्गत अधिकारियों द्वारा की जाने वाली प्रक्रिया और खाद्य प्रयोगशालाओं द्वारा खाद्य प्रसंस्करण शुल्क का विवरण आदि, कार्य एवं प्रक्रिया से संबंधित एफएसएस अधिनियम 2006 के खण्ड 92(2) के उपवाक्य (क्यू), (आर.) एवं (एस) के अनुसरण में मसौदा नियम

(iii) धारा 31 के अंतर्गत खाद्य व्यवसाय प्रचालकों के पंजीकरण और लाइसेंस प्रदान करने की प्रक्रिया तैयार करना

(iv) राज्य सरकार द्वारा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम को प्रचालनात्मक बनाना।

क्र. सं.	समिति	विषय	आयोजित बैठकों की सं.
1.	केन्द्रीय समिति	खाद्य मानक	1
2.	उप–समिति	खाद्य योगज एवं घटक	1
3.	उप–समिति	पोषण, प्रयुक्त विशेष डाइट के लिए खाद्य, शिशु खाद्य	5
4.	उप–समिति	कीटनाशक अवशिष्ट	5
5.	उप–समिति	तेल एव वसा	1
6.	विशेषज्ञ समूह	कॉर्बोनेटेड पानी में कीटनाशक अवशिष्ट के विश्लेषण की प्रक्रिया का पुर्ननिरीक्षण	5

(क) अंतिम अधिसूचनाएं

(i) जीएसआर सं. 114(ड.) दिनांक 28.02.2008 – ताजे फलों में मोम (शेलैक) की कोटिंग

(ii) जीएसआर सं. 206(ड.) दिनांक 25.03.2008 – स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा तैयार की गई खाद्य के विश्लेषण की पद्धतियों की नियम–पुस्तक में निर्धारित की गई विश्लेषण की पद्धतियों को अपनाना।

(iii) जीएसआर सं. 467(ड.) दिनांक 18.06.2008 – जैतून के तेल के बी.आर./ आई.आर. मूल्य का संशोधन।

(iv) जीएसआर सं. 500(ड.) दिनांक 05.07.2008 – पैकेज किए गए पेय जल के मानकों का संशोधन।

(v) जीएसआर सं. 664(ड.) दिनांक 19.09.2008 – खाद्य पदार्थों पर लेबल लगाने संबंधी उपबंध का संशोधन।

(vi) जीएसआर सं. 754(ड.) दिनांक 27.10.2008 – चावल–भूसी तेल के मानकों का संशोधन।

(ख) अधिसूचनाओं का मसौदा

(i) जीएसआर सं. 106(ड.) दिनांक 25.02.2008 – चावल–भूसी तेल के मानकों का संशोधन।

(ii) जीएसआर सं. 208(ड.) दिनांक 25.03.2008 – दुग्ध उत्पादों के मानकों का संशोधन, जिनमें सूक्ष्मजीव–विज्ञान संबंधी मापदंडों सहित कुछ खाद्य योगात्मकों की अनुमति दी गई है और चक्का तथा श्रीखंड के मानकों का संशोधन।

(iii) जीएसआर सं. 380(ड.) दिनांक 15.05.2008 – खाद्य पदार्थों के लेबल चिपकाने संबंधी उपबंधों का संशोधन।

(iv) जीएसआर सं. 498(ड.) दिनांक 05.07.2008 – कार्बनयुक्त जल में कीटनाशक अवशेषों के एमआरएल।

(v) जीएसआर सं. 524(ड.) दिनांक 15.07.2008 – खाद्य पदार्थों में कीटनाशक अवशेषों के एम.आर.एल.

(vi) जीएसआर सं. 871(ड.) दिनांक 23.12.2008 – फल उत्पादों के मानकों का संशोधन।

(vii) जीएसआर सं. 42(ड.) दिनांक 22.01.2009 – भारतीय मानक ब्यूरो के विनिर्देशनों के अनुरूप खाद्य योगात्मकों की बिक्री।

(viii) जीएसआर सं. 43(ड.) दिनांक 22.01.2009 – खाद्य पदार्थों में पोलयोल्स, फल पेय पदार्थों/ फल सुपेय पदार्थों और एस्पार्टेम में एसएचएमपी, कुछ खाद्य पदार्थों में एस्कुलफेम पोटाशियम और सुकरालोज का इस्तेमाल

(ix) जीएसआर सं. 44(ड.) दिनांक 22.01.2009 – विश्लेषण के लिए कुछ खाद्य पदार्थों के नमूनों की मात्रा में वृद्धि करना।

पीएफए अधिनियम {राज्य/संघशासित क्षेत्रों की सरकारों, उनके खाद्य (स्वास्थ्य) प्राधिकारियों,स्थानीय (स्वास्थ्य) प्राधिकारियों और स्थानीय निकायोंद्वारा कार्यान्वित किए गए नियम} पीएफए नियमावली (नियम 50) के अंतर्गत राज्य/संघशासित क्षेत्रों की सरकारों द्वारा नियुक्त किए गए लाइसेंस प्रदान करनेवाले प्राधिकारियों को यह शक्ति प्रदान करता है कि वे खाद्य व्यवसाय प्रचालकों को लाइसेंस जारी कर सकें। पीएफए से संबंधित न्यायालय में लंबित मामलों की स्थिति दर्शाने वाला एक विवरण अनुबंध–'क' पर लगा है।

पोषण स्तर को दर्शाता वर्गीकरण

पोषण सूचना	
ऊर्जा	xxxx
कार्बोहाइड्रेट	xxxx
चीनी	xxx
प्रोटीन	xiixx
वसा, परिष्कृत वसा	xxxx
एमयूएफए, पीयूएफए, ट्रांस फैट	xxx
केलोस्ट्रोल	xiix
सोडियम	iixxi
पोटेशियम	xxxx

खाद्य अनुसंधान एवं मानकीकरण प्रयोगशाला, गाजियाबाद (उ.प्र)



अनुबंध–'क'

देश में विभिन्न राज्यों/ संघशासित क्षेत्रों में दिनांक 31 दिसम्बर 2006* को यथास्थिति न्यायालयों में लंबित पीएफए से संबंधित मामलों की संख्या से संबंधित सूचना

क्रम सं.	राज्य/संघशासित क्षेत्र का नाम	दिनांक 31.12.2006 को यथास्थिति न्यायालयों में लंबित मामलों की संख्या
1.	आंध्र प्रदेश	3494
2.	अरुणाचल प्रदेश	0
3.	असम	474
4.	बिहार	उपलब्ध नहीं
5.	गोवा	77
6.	गुजरात	4415
7.	हरियाणा	3833
8.	हिमाचल प्रदेश	501
9.	जम्मू एवं कश्मीर	5502
10.	कर्नाटक	351
11.	केरल	उपलब्ध नहीं
12.	मध्य प्रदेश	8947
13.	महाराष्ट्र	8871
14.	मणिपुर	0
15.	मेघालय	110
16.	मिजोरम	0
17.	नागालैंड	02
18.	उड़ीसा	1266
19.	पंजाब	1388
20.	राजस्थान	उपलब्ध नहीं
21.	सिक्किम	0
22.	तमिलनाडु	2205
23.	त्रिपुरा	20
24.	उत्तर प्रदेश	19555
25.	पश्चिम बंगाल	1612
26.	अंडमान व निकोबार द्वीपसमूह	0
27.	चंडीगढ़	1082
28.	दादर एवं नगर हवेली	19
29.	दमन और दीव	0
30.	दिल्ली	उपलब्ध नहीं
31.	लक्षद्वीप	उपलब्ध नहीं
32.	पांडिचेरी	17
33.	छत्तीसगढ़	1608
34.	झारखंड	0
35.	उत्तराखण्ड	466
	कुल	**66911**

* राज्यों/ संघशासित क्षेत्रों से अगली रिपोर्टें आने की प्रतीक्षा है।

खाद्य अनुसंधान एवं मानकीकरण प्रयोगशाला, गाजियाबाद

खाद्य अनुसंधान एवं मानकीकरण प्रयोगशाला, गाजियाबाद की स्थापना, अपमिश्रण की जांच करने तथा खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता तथा शुद्धता निर्धारित करने के उद्देश्य से बाजार से लिए गए खाद्य नमूनों का विश्लेषण करने के लिए, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय/ स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन 1971 में की गई थी।

यह प्रयोगशाला खाद्य नमूनों के अपमिश्रण की जांच करने के लिए खाद्य अपमिश्रण निवारण अधिनियम, 1954 के अंतर्गत अपीलीय प्रयोगशाला (केंद्रीय खाद्य प्रयोगशाला) के रूप में काम कर रही है।

दिनांक 28 अगस्त 2002 से नमूने प्राप्त करने हेतु निर्धारित क्षेत्र

निम्नलिखित राज्यों तथा संघशासित क्षेत्रों के माननीय न्यायालय – बिहार, गोवा, झारखंड, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, दादर एवं नगर हवेली, दमन एवं दीव तथा पांडिचेरी का संघशासित क्षेत्र।

निम्नलिखित संघशासित क्षेत्रों/ राज्यों में सभी बंदरगाह/ हवाई अड्डे/ अंतर्देशी कंटेनर डिपो:

चंडीगढ़, दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू एवं कश्मीर, मध्य प्रदेश, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ और उत्तराखण्ड।

निम्नलिखित राज्यों में सभी अंतर्राष्ट्रीय सीमाएं – हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, जम्मू एवं कश्मीर, पंजाब, उत्तर प्रदेश और उत्तराखण्ड।

इस प्रयोगशाला के अलावा कोलकाता, मुंबई, सोनौली और रक्सोल में स्थित अन्य केंद्रीय खाद्य प्रयोगशालाएं भी हैं। सोनौली और रक्सोल भारत–नेपाल सीमा पर स्थित हैं। मुंबई की प्रयोगशाला को अभी कार्यात्मक बनाया जाना है।

केंद्रीय खाद्य प्रयोगशाला, कोलकाता

केंद्रीय खाद्य प्रयोगशाला, कोलकाता की स्थापना पूरे देश से बाजार से विचारण न्यायालयों से खाद्य नमूनों का विश्लेषण करने और खाद्य की गुणवत्ता तथा शुद्धता निर्धारित करने और खाद्य पदार्थों के मानक निर्धारित करने हेतु स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली के पत्र सं.पीएफए/अनुभाग 4/एफ.11–4/55–डी(1) दिनांक 01 जून, 1955 के अंतर्गत महानिदेशालय, स्वास्थ्य सेवाएं, निर्माण भवन, नई दिल्ली के अधीन 1955 में की गई थी। आरंभतः, केंद्रीय खाद्य प्रयोगशाला की स्थापना अखिल भारतीय स्वच्छता एवं लोक स्वास्थ्य संस्थान, सी.आर. एवेन्यू, कोलकाता – 700012 के परिसर में की गई थी। बाद में इसे 3–केवाईडी स्ट्रीट, कोलकाता–700016 में स्थित अपने भवन में स्थानांतरित कर दिया गया था।

खाद्य अपमिश्रण निवारण अधिनियम में स्वदेशीय और आयातित दोनों प्रकार के खाद्य की गुणवत्ता एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया है। इस बात का निरंतर प्रयास किया गया है कि इस प्रयोगशाला को सर्वोत्कृष्टता का केंद्र बनाया जाए और इस लक्ष्य की प्राप्ति करने के लिए एनएबीएल से मान्यता की प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है तथा अंतिम मूल्यांकन के लिए संबंधित प्राधिकारी को आवेदन पत्र प्रस्तुत कर दिया गया है।

दिनांक 28 अगस्त, 2002 से नमूने प्राप्त करने हेतु निर्धारित क्षेत्र

निम्नलिखित राज्यों और संघशासित क्षेत्रों के माननीय न्यायालय – अरुणाचल प्रदेश, असम, छत्तीसगढ़, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, उड़ीसा, सिक्किम, त्रिपुरा, उत्तराखण्ड और अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह तथा लक्षद्वीप के संघशासित क्षेत्र।

निम्नलिखित संघशासित क्षेत्रों/ राज्यों में सभी बंदरगाह/ हवाई अड्डे/ अंतर्देशीय कंटेनर डिपोः

अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह, अरुणाचल प्रदेश, असम, बिहार, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम, त्रिपुरा, झारखंड और पश्चिम बंगाल।

निम्नलिखित राज्यों में सभी अंतर्राष्ट्रीय सीमाएं – अरुणाचल प्रदेश, असम, बिहार, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम, त्रिपुरा और पश्चिम बंगाल।

वर्ष 2007 के दौरान चार केंद्रीय खाद्य प्रयोगशालाओं में विश्लेषण किए गए और अपमिश्रित पाए गए नमूनों की संख्या के ब्योरे

केंद्रीय खाद्य प्रयोगशाला का नाम	पीएफए अधिनियम की धारा 13 (2क), 13 (2ख) के अंतर्गत विचारण न्यायलयों से प्राप्त		सीमाशुल्क, न्यायालय स्वास्थ्य अधिकारियों, सरकारी विभाग से प्राप्त और पीएफए अधिनियम से असंबंधित विशेष नमूने		जांच–पड़ताल वाले नमूने और सहयोगात्मक अध्ययनों वाले नमूने		कुल	
	विश्लेषण किए गए	अपमिश्रित	विश्लेषण किए गए	अपमिश्रित	विश्लेषण किए गए	अपमिश्रित	विश्लेषण किए गए	अपमिश्रित
सीएफएल,पुणे	613	430	250	06	01	0	864	436
सीएफएल,कोलकाता	25	11	3149	143	73	0	3247	154
एफआरएसएल गाजियाबाद	72	64	608	243	0	0	680	307
सीएफटीआरआई, मैसूर	517	336	1132	172	0	0	1649	508





III. फल उत्पाद आदेश (एफपीओ), 1955

फल उत्पाद आदेश (एफपीओ), 1955 कारखाने के परिसरों में सफाई और स्वच्छता दशाओं में फल एवं सब्जी उत्पादों के विनिर्माण तथा इस आदेश में निर्धारित किए गए गुणवत्ता संबंधी मानकों को बनाए रखने के उद्देश्य से आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3 के अंतर्गत प्रख्यापित किया गया था। लाइसेंस प्राप्त करने हेतु मीठे वातित जल, गैर–फल सिरप और गैर–फल सिरका आदि जैसे कुछ गैर–फल उत्पादों सहित फल और सब्जी उत्पादों के सभी विनिर्माताओं के लिए यह अनिवार्य है कि वे इस आदेश के अंतर्गत कोई लाइसेंस प्राप्त करें। यह लाइसेंस यह सुनिश्चित करने के पश्चात स्वीकृत किया जाता है कि एफपीओ के अंतर्गत निधारित की गई सफाई तथा स्वच्छता तथा अन्य शर्तें पूरी कर दी गई हैं। विनिर्माण परिसरों में कुछ मूलभूत शर्तें निम्नलिखित हैं:

1. कारखाने का खुला और स्वच्छ परिवेश
2. अहातों की साफ एवं स्वच्छ स्थितियां
3. वैयक्तिक स्वच्छता
4. पेय जल की उपलब्धता
5. अपेक्षित मशीनरी एवं उपस्कर की स्थापना
6. गुणवत्ता नियंत्रण सुविधा एवं तकनीकी स्टाफ की व्यवस्था

एफ पी ओ के अंतर्गत निर्धारित किए गए उत्पादों और अभिरक्षकों की सीमाओं, विषाक्त धातुओं और अन्य योगात्मकों आदि के न्यूनतम मानक हैं।

उत्तरी क्षेत्र के अधीन फल एवं सब्जी परीक्षण निदेशालय के दिल्ली, मुम्बई, कोलकाता, चेन्नै और गुवाहाटी स्थित पांच क्षेत्रीय कार्यालय और लखनऊ स्थित एक उप–कार्यालय है। क्षेत्रीय कार्यालयों के फील्ड अधिकारी कारखानों में स्वच्छ दशाओं का रखरखाव सुनिश्चित करने हेतु विनिर्माण इकाइयों के समय–समय पर निरीक्षण करते हैं और कारखानों तथा बाजार से उत्पादों के यादृच्छिक नमूने लेते हैं, जिनका विश्लेषण एफपीओ के अंतर्गत निर्धारित किए गए विनिर्देशनों के अनुसार उनकी अनुरूपता की जांच करने के लिए प्रयोगशालाओं में किया जाता है।

केंद्रीय फल उत्पाद सलाहकार समिति, जिसमें संबंधित सरकारी विभागों के पदाधिकारी, तकनीकी विशेषज्ञ, केंद्रीय खाद्य प्रौद्योगिकीय अनुसंधान संस्थान, भारतीय मानक ब्यूरो, फल एवं सब्जी प्रसंस्करण उद्योग तथा उपभोक्ता संगठन के प्रतिनिधि होते हैं, जो फल उत्पाद आदेश, 1955 में संशोधनों की सिफारिश करते हैं।

वर्ष 2008–09 के दौरान एफ एंड वीपी प्रभाग से संबंधित मुख्य क्रियाकलापों के सांख्यिकीय आंकड़े नीचे दिए गए हैं:

1. वर्ष के दौरान स्वीकृत किए गए लाइसेंसों की कुल संख्या 469
2. दिनांक 31.03.2009 को यथास्थिति लाइसेंसों की कुल संख्या 6483
3. दिनांक 31.03.2009 को यथास्थिति संस्थापित क्षमता (एमटी):
   - क) फल एवं सब्जी उत्पाद 3223103
   - ख) मीठा वातित जल 5874350
4. वर्ष 2008 के दौरान कुल उत्पादन (एमटी):
   - क) फल एवं सब्जी उत्पाद 1373586
   - ख) गैर–फल उत्पाद (एसएडब्ल्यू के अलावा) 23453
   - ग) मीठा वातित जल 2707874
5. वर्ष 2008 के दौरान फल एवं सब्जी उत्पादों का विनिर्माण करने में उपयोग की गई फलों एवं सब्जियों की कुल मात्रा (एमटी)
   - क) फल 1201695
   - ख) सब्जियां 1099871

दिनांक 31.03.2009 को यथास्थिति क्षेत्र एवं राज्य–वार लाइसेंसों की संख्या, संस्थापित क्षमता, विनिर्मित उत्पादों की मात्रा तथा मूल्य और 2008 के दौरान उपयोग किए गए फल और सब्जियां अनुबंध "ख", "ग", "घ", "ड.", "च", "छ", "ज" में दिए गए हैं।



fssai

अनुबंध–ख

वर्ष 2008–09 के दौरान स्वीकृत किए गए लाइसेंसों की क्षेत्र–वार संख्या और दिनांक 01.04.2009 को यथास्थिति लाइसेंसों की कुल संख्या

क्षेत्र	वर्ष 2008–09 के दौरान स्वीकृत किए गए लाइसेंस	दिनांक 01.04.2009 को यथास्थिति कुल लाइसेंस
उत्तरी क्षेत्र	170	2003
पश्चिमी क्षेत्र	98	1970
दक्षिणी क्षेत्र	156	1948
पूर्वी क्षेत्र	32	463
पूर्वोत्तर क्षेत्र	13	99
कुल	**469**	**6483**

अनुबंध–ग

वर्ष 2008 के दौरान फल उत्पादों, गैर फल उत्पादों और मीठे वातित जल (एसएडब्ल्यू) का क्षेत्र–वार उत्पादन और मूल्य

क्षेत्र	फल उत्पाद		गैर–फल उत्पाद		मीठा वातित जल (एसएडब्ल्यू)	
	मात्रा (एमटी)	मूल्य (लाख रु. में)	मात्रा (एमटी)	मूल्य (लाख रु. में)	मात्रा (एमटी)	मूल्य (लाख रु. में)
उत्तरी क्षेत्र	298978	1,21,626	15089	11,869	1257400	2,58,291
दक्षिणी क्षेत्र	696418	2,64,515	3596	1,313	647110	1,87,025
पश्चिमी क्षेत्र	304862	1,70,500	3584	2,157	437282	1,33,660
पूर्वी क्षेत्र	62026	18,071	1110	642	341052	62,142
पूर्वोत्तर क्षेत्र	11302	3,737	74	20	25030	7,563
कुल	**1373586**	**5,78,449**	**23453**	**16,001**	**2707874**	**6,48,681**

अनुबंध–घ

दिनांक 31.03.2009 को यथास्थिति क्षेत्र–वार संस्थापित क्षमता

क्षेत्र	फल एवं सब्जी उत्पाद (एफ एंड वी.पी.)	एसएडब्ल्यू
पूर्वी क्षेत्र	146140	330904
पूर्वोत्तर क्षेत्र	32495	27000
उत्तरी क्षेत्र	827970	3594630
दक्षिणी क्षेत्र	1687448	1179736
पश्चिमी क्षेत्र	529050	742080
कुल	**3223103**	**5874350**

अनुबंध–ड.

दिनांक 31.03.2009 को यथास्थिति भारत में एफपीओ लाइसेंसों की क्षेत्र–वार संख्या

क्र.सं.	राज्य	फल एवं सब्जी उत्पाद (एफ एंड वी.वी.)	मीठा वातित जल (एसडब्ल्यूए)	जोड़
1.	अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह	2	4	6
2.	आंध्र प्रदेश	304	42	346
3.	अरुणाचल प्रदेश	2	0	2
4.	असम	46	4	50
5.	बिहार	43	5	48
6.	चंडीगढ़	10	2	12
7.	छत्तीसगढ़	6	20	26
8.	दादर एवं नगर हवेली	7	4	11
9.	दिल्ली	213	50	263
10.	गोवा	42	66	108
11.	गुजरात	318	166	484
12.	हरियाणा	172	144	316
13.	हिमाचल प्रदेश	120	9	129
14.	जम्मू एवं कश्मीर	77	5	82
15.	झारखंड	28	3	31
16.	कर्नाटक	330	100	430
17.	केरल	454	63	517
18.	लक्षद्वीप समूह	0	0	0
19.	मध्य प्रदेश	113	27	140
20.	महाराष्ट्र	1055	146	1201
21.	मणिपुर	15	0	15
22.	मेघालय	11	1	12
23.	मिजोरम	3	0	3
24.	नागालैंड	6	1	7
25.	उड़ीसा	20	19	39
26.	पांडिचेरी	9	13	22
27.	पंजाब	233	79	312
28.	राजस्थान	107	106	213
29.	सिक्किम	4	0	4
30.	तमिलनाडु	555	78	633
31.	त्रिपुरा	6	0	6
32.	उत्तर प्रदेश	493	48	541
33.	उत्तराखंड	134	1	135
34.	पश्चिम बंगाल	314	25	339
	सकल जोड़	**5252**	**1231**	**6483**



अनुबंध–च

दिनांक 31.03.2009 को यथास्थिति फल एवं सब्जी उत्पादों तथा मीठे वातित जल का विनिर्माण करने के लिए एफपीओ के लाइसेंसधारियों की राज्य–वार कुल संस्थापित क्षमता

क्र.सं.	राज्य	फल एवं सब्जी उत्पाद (एफ एंड वी.वी.) (एमटी)	मीठा वातित जल एसडब्ल्यूए) (एमटी)
1.	अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह	150	310
2.	आंध्र प्रदेश	801608	499024
3.	अरुणाचल प्रदेश	60	00
4.	असम	20120	14500
5.	बिहार	16490	60310
6.	चंडीगढ़	4630	30050
7.	छत्तीसगढ़	6220	9850
8.	दादर एवं नगर हवेली	1030	12250
9.	दिल्ली	32030	728000
10.	गोवा	8090	58090
11.	गुजरात	155100	114260
12.	हरियाणा	115910	174310
13.	हिमाचल प्रदेश	93485	48760
14.	जम्मू एवं कश्मीर	19760	66650
15.	झारखंड	6750	52984
16.	कर्नाटक	406984	362502
17.	केरल	41920	91134
18.	लक्षद्वीप समूह	00	00
19.	मध्य प्रदेश	47940	65280
20.	महाराष्ट्र	308860	482350
21.	मणिपुर	5010	00
22.	मेघालय	2280	9500
23.	मिजोरम	885	00
24.	नागालैंड	1860	3000
25.	उड़ीसा	26420	78300
26.	पांडिचेरी	6920	450
27.	पंजाब	305480	252690
28.	राजस्थान	30130	199290
29.	सिक्किम	820	00
30.	तमिलनाडु	430016	226626
31.	त्रिपुरा	3270	00
32.	उत्तर प्रदेश	189465	2044480
33.	उत्तराखंड	37080	50400
34.	पश्चिम बंगाल	96330	139000
	सकल जोड़	3223103	5874350



अनुबंध–छ

कैलेंडर वर्ष 2008 के दौरान विनिर्मित फल उत्पादों, गैर–फल उत्पादों और मीठे वातित जल की राज्य–वार मात्रा और मूल्य

क्र.स.	राज्य	फल उत्पाद		गैर–फल उत्पाद (एसएडब्ल्यू के अलावा)		मीठा वातित जल (एसएडब्ल्यू)	
		मात्रा (एमटी)	मूल्य (लाख रु)	मात्रा (एमटी)	मूल्य (लाख रु)	मात्रा (एमटी)	मूल्य (लाख रु)
1	अंडमान व निकोबार द्वीपसमूह	00	00	00	00	55	15
2.	आंध्र प्रदेश	240992	105295	109	19	323482	91284
3.	अरुणाचल प्रदेश	00	00	00	00	00	00
4.	असम	9845	3193	74	20	14559	3924
5.	बिहार	4036	1571	4	1	26634	6528
6.	चंडीगढ़	2357	1003	45	4	27021	3514
7.	छत्तीसगढ़	1	00	00	00	2937	621
8.	दादर एवं नगर हवेली	210	375	00	00	96	6
9.	दिल्ली	25289	9271	319	156	54729	10563
10.	गोवा	8688	8019	33	4	15110	4657
11.	गुजरात	51385	27909	275	78	98114	30939
12.	हरियाणा	39404	12726	6838	6188	160265	33656
13.	हिमाचल प्रदेश	13910	6719	182	58	1254	238
14.	जम्मू एवं कश्मीर	3310	1622	216	132	117585	25869
15.	झारखंड	6938	2171	4	1	13783	3646
16.	कर्नाटक	215892	80367	800	891	174671	51834
17.	केरल	12565	7675	418	68	56141	16120?
18.	लक्षद्वीप समूह	00	00	00	00	00	00
19.	महाराष्ट्र	205158	119850	2578	1060	290344	92352
20.	मणिपुर	363	128	00	00	00	00
21.	मेघालय	59	40	00	00	10367	3615
22.	मिजोरम	63	16	00	00	00	00
23.	मध्य प्रदेश	39419	14347	699	1016	30683	5086
24.	नागालैंड	148	54	00	00	103	24
25.	उड़ीसा	6434	1918	24	3	132460	28137
26.	पांडिचेरी	4433	1988	20	15	83	10
27.	पंजाब	38377	19498	649	202	122535	29228
28.	राजस्थान	41758	12743	1204	293	83551	30236
29.	सिक्किम	282	119	00	00	00	00
30.	तमिलनाडु	222536	69190	2249	320	92735	27776
31.	त्रिपुरा	542	187	00	00	00	00
32.	उत्तर प्रदेश	118918	49087	4620	4046	662523	116446
33.	उत्तराखंड	15657	8958	1015	789	27935	8541
34.	पश्चिम बंगाल	44617	12410	1078	637	168119	23816
	जोड़	1373586	578449	23453	16001	2707874	648681

अनुबंध–ज

31.03.2009 को यथास्थिति फल और सब्जी का राज्य–वार उपयोग

क्र.सं.	राज्य	प्रयुक्त फल (किलोग्राम)	प्रयुक्त सब्जी (किलोग्राम)
1.	अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह	72	125
2.	आंध्र प्रदेश	434226245	45592140
3.	अरुणाचल प्रदेश	0	0
4.	असम	7328195	9346395
5.	बिहार	4462864	792298
6.	चंडीगढ़	707162	329990
7.	छत्तीसगढ़	1477	0
8.	दादर एवं नगर हवेली	336480	0
9.	दिल्ली	6875993	38992330
10.	गोवा	317796	14499232
11.	गुजरात	25971981	265711774
12.	हरियाणा	12078169	25834345
13.	हिमाचल प्रदेश	16932044	14224441
14.	जम्मू एवं कश्मीर	7651240	909078
15.	झारखंड	6070523	4699088
16.	कर्नाटक	87604568	198837953
17.	केरल	6338382	11955225
18.	लक्षद्वीप समूह	0	0
19.	मध्य प्रदेश	14169921	15231563
20.	महाराष्ट्र	162080506	172560650
21.	मणिपुर	412173	53175
22.	मेघालय	62782	17093
23.	मिजोरम	75355	0
24.	नागालैंड	134524	89760
25.	उड़ीसा	7536992	384335
26.	पांडिचेरी	8413	3293449
27.	पंजाब	30034946	74462320
28.	राजस्थान	8028253	44251580
29.	सिक्किम	293878	94228
30.	तमिलनाडु	272123761	48693824
31.	त्रिपुरा	611523	80355
32.	उत्तर प्रदेश	41561134	60643745
33.	उत्तराखंड	3228484	29310875
34.	पश्चिम बंगाल	44429639	18979930
	सकल जोड़	**1201695475**	**1099871296**
		(1201695 एमटी)	**(1099871 एमटी)**

IV. मांस खाद्य उत्पाद आदेश (एमएफपीओ), 1973

मांस और मांस उत्पादों की खपत तथा इन उत्पादों के लिए उपभोक्ताओं की वरियता में धीरे–धीरे वृद्धि हो रही है। मांस और मांस प्रोसेसिंग सेक्टर में मुर्गा मांस भारत में सबसे तेजी से बढ़ता हुआ पशु प्रोटीन है। मांस उत्पादों की प्रति व्यक्ति खपत 2000 में 870 ग्राम से बढ़कर 2005 में लगभग 1.68 किलोग्राम हो गई है। 2009 में इसके बढ़कर 2 किलोग्राम हो जाने की संभावना है।

भारतीय उपभोक्ता प्रोसेस किए हुए या फ्रोज़न मांस की तुलना में वेट बाज़ार से ताजा मांस खरीदने को वरियता देते हैं। मुर्गा मांस के उत्पादन का केवल 6 प्रतिशत (लगभग 100,000 एमटी) मांस प्रोसेस्ड रूप में बेचा जाता है। इसमें से केवल लगभग एक प्रतिशत मूल्यवृद्धित उत्पादों (खाने के लिए तैयार/ पकाने के लिए तैयार) में प्रोसेस किया जाता है। बड़े पशुओं के मांस की प्रोसेसिंग मुख्यतः निर्यातों के उद्देश्य से की जाती है।

मांस और मांस उत्पादों का स्वरूप अत्यधिक नष्टशील होता है और यह पशुओं से मनुष्यों में रोग संचारित कर सकता है। मांस उत्पादों की प्रोसेसिंग मांस खाद्य उत्पाद आदेश (एमएफपीओ), 1973 के अंतर्गत लाइसेंसशुदा होती है, जो विपणन निरीक्षण निदेशालय, कृषि मंत्रालय से अंतरित हो जाने के पश्चात दिनांक 19 मार्च, 2004 से खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है। 2 दिसम्बर, 2008 से एमएफपीओ के कार्यान्वयन से संबंधित कार्य, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई और दिल्ली में स्थित इसके चार क्षेत्रीय कार्यालयों से भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण द्वारा किया जा रहा है।

एमएफपीओ, 1973 के मुख्य उद्देश्य विनिर्माताओं की लाइसेंसिंग के माध्यम से मांस खाद्य उत्पादों के उत्पादन और बिक्री को विनियमित करना, पौष्टिक मांस खाद्य उत्पादों के उत्पादन के लिए निर्धारित की गई सफाई और स्वच्छता की शर्तें लागू करना, मांस खाद्य उत्पादों, मछली उत्पादों, जिसमें शीतित मुर्गे आदि शामिल हैं, के उत्पादन के सभी चरणों में पूरी तरह गुणवत्ता नियंत्रण रखना है।

एमएफपीओ के उपबंधों के अंतर्गत बिक्री के लिए मांस खाद्य उत्पादों के विनिर्माण, पैकिंग, पुनः पैकिंग, पुनः लेबल चिपकाने के व्यवसाय में लगे मांस खाद्य उत्पादों के सभी विनिर्माताओं को लाइसेंस प्रदान किया जाता है, उन विनिर्माताओं को छोड़कर, जो रेस्टोरेंट, होटल, बोर्डिंग हाउस, स्नैक बार, भोजनालय या इसी प्रकार के किसी अन्य प्रतिष्ठान जैसे स्थानों पर खपत के लिए इन उत्पादों का विनिर्माण करते हैं।

मांस के स्रोत पर निर्भर करते हुए, विनिर्माताओं को क, ख और ग श्रेणी के अंतर्गत लाइसेंस प्रदान किए जाते हैं। इस समय, दिनांक 1 अप्रैल, 2009 को यथास्थिति एमएफपीओ के अंतर्गत 279 इकाइयां लाइसेंसशुदा हैं। क्षेत्र–वार ब्योरे नीचे दिए गए हैं:

क्षेत्र	श्रेणी क	श्रेणी ख	श्रेणी ग	कुल
पश्चिमी क्षेत्र	11	32	43	86
दक्षिणी क्षेत्र	12	37	35	84
उत्तरी क्षेत्र	9	33	39	81
पूर्वी क्षेत्र	7	6	15	28
कुल	**39**	**108**	**132**	**279**



मांस के उत्पादन का नियंत्रण स्थानीय उप–नियमों के अंतर्गत किया जाता है क्योंकि पशुओं का वध राज्य सरकार का विषय है और बूचड़खाने स्थानीय स्वास्थ्य प्राधिकरणों द्वारा नियंत्रित होते हैं। वर्तमान मांस उत्पादन के लगभग 1.9 मिलियन एमटी होने की संभावना है, जिसमें से लगभग 21 प्रतिशत का निर्यात किया जाता है।

भारत 500,000 एमटी से अधिक मांस का निर्यात करता है, जिसमें से एक बड़ा हिस्सा भैंसों के मांस का है। भारतीय भैंसों के मांस की अंतर्राष्ट्रीय बाज़ारों में सबसे अधिक मांग देखी गई है क्योंकि इसमें चरबी कम होती है और यह लगभग जैविक स्वरूप का होता है। विश्व में भारत गोजातीय मांस का पांचवां सबसे बड़ा निर्यातक देश है। भारतीय भैंसों के मांस के निर्यात की काफी बढ़ने की संभावना है।

मांस के जरिए मानवों में संचारी रोगों के बढ़ते स्वास्थ्य संबंधी खतरों के कारण मांस के उपभोक्ता मांस की पौष्टिकता के प्रति अधिक सतर्क हैं और साफ तथा स्वच्छ वातावरण में प्रोसेस किए गए मांस तथा मुर्गा उत्पादों की मांग करते हैं। महानगरों और शहरी क्षेत्रों में "सुविधाजनक मदों" की मांग बढ़ती जा रही है जैसे आधा पका हुआ, खाने के लिए तैयार, पकाने के लिए तैयार मांस खाद्य उत्पाद।

खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के अंतर्गत मांस और मांस उत्पादों के लिए पशु स्वास्थ्य प्रमाणपत्र और गुणवत्ता श्रेणी के जारी करने की शर्तों के अलावा, (1) खुदरा मांस दुकानों, (2) छोटे मध्यम तथा बड़े बूचड़खानों, (3) मांस प्रोसेसिंग इकाइयों, (4) फार्म से बूचड़खानों तक पशुओं को ले जाने के पंजीकरण/ लाइसेंस प्रदान करने के लिए सफाई, स्वच्छता और अन्य शर्तों पर मसौदा/ आधारभूत पेपर तैयार कर लिए गए हैं और इन्हें मांस एवं मांस उत्पादों की समीक्षा हेतु गठित किए गए विशेषज्ञ समूह के सभी सदस्यों को परिचालित कर दिया गया है तथा अंतिम दस्तावेज के शीघ्र ही तैयार कर लिए जाने की संभावना है।

v. दुग्ध एवं दुग्ध उत्पाद आदेश, 1992 (एमएमपीओ–92)

औद्योगिक विकास एवं विनियमन अधिनियम के अंतर्गत 1991 में दुग्ध क्षेत्र में लाइसेंस समाप्त कर दिए जाने के परिणामस्वरूप पशुपालन, दुग्ध उद्योग, मत्स्यपालन विभाग ने आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3 के अंतर्गत दिनांक 9 जून, 1992 को दुग्ध एवं दुग्ध उत्पाद आदेश (एमएमपीओ), 1992 लागू किया था। आदेश का उद्देश्य आम जनता के हित में अपेक्षित गुणवत्ता के तरल दूध की आपूर्ति में वृद्धि करना और उसे बनाए रखना तथा दुग्ध एवं दुग्ध उत्पादों के उत्पादन, प्रोसेसिंग और वितरण को विनियमित करना भी है। इस आदेश के उपबंधों के अनुसार, 10,000 लीटर प्रतिदिन दूध या प्रति वर्ष 500 एमटी ठोस दूध का व्यापार करने वाले किसी व्यक्ति/ दुग्ध संयंत्र को केंद्रीय सरकार द्वारा नियुक्त किए गए पंजीकरण प्राधिकारी के पास पंजीकृत कराए जाने की आवश्यकता है।

डेयरी क्षेत्र में तेज गति से हो रही वृद्धि की आवश्यकता को स्वीकार करते हुए, सरकार ने इसे अधिक उदार बनाने तथा डेयरी के उद्यमियों को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से दुग्ध एवं दुग्ध उत्पाद आदेश, 1992 में समय–समय पर संशोधन किया है। इस विभाग ने दिनांक 26 मार्च, 2002 को सरकारी राजपत्र में अंतिम संशोधन अधिसूचित किया था। अब नई डेयरी इकाइयां स्थापित करने या दुग्ध प्रोसेसिंग क्षमता का विस्तारण करने पर कोई प्रतिबंध नहीं है, जबकि एमएमपीओ–92 की 5वीं अनुसूची में यथा निर्धारित निश्चित सफाई तथा स्वच्छता की शर्तें, गुणवत्ता एवं खाद्य सुरक्षा के उपायों को लागू करने के लिए पंजीकरण की शर्त मौजूद है।

एमएमपीओ–92 के पैरा 5(5)(ख) के उपबंधों का अनुपालन करने की दृष्टि से पशुपालन, दुग्ध उद्योग एवं मत्स्यपालन विभाग में दिनांक 1 अक्टूबर, 2003 को दो निरीक्षण एजेंसियों अर्थात राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद (एनपीसी) और भारतीय निर्यात निरीक्षण परिषद् (ईआईसी) को चक्रानुक्रम आधार पर डेयरी इकाइयों का वार्षिक निरीक्षण करने हेतु अधिसूचित किया है।

वर्तमान उपबंधों के अनुसार, 200.0 टीएलपीडी दूध या प्रति वर्ष 10,000 एमटी सूखे दूध का व्यवसाय करने वाली डेयरी इकाइयों के संबंध में, जहां डेयरी इकाइयों के विपणन, अधिप्राप्ति तथा प्रोसेसिंग के पूरे क्रियाकलाप राज्य सरकार या संघशासित क्षेत्र के अधीन हैं, पंजीकरण प्राधिकारी संबंधित राज्य सरकार या संघ शासित क्षेत्र का कोई अधिकारी ही होगा। 200.0 टीएलपीडी दूध या 10,000 एमटी सूखे दूध प्रति वर्ष से अधिक का व्यवसाय करने वाली डेयरी इकाइयों का पंजीकरण केंद्रीय पंजीकरण प्राधिकारी द्वारा किया जाएगा। तदनुसार पंजीकरण प्राधिकारी पंजीकरण के आवेदन–पत्रों पर कार्रवाई करेगा और इस आदेश के अंतर्गत तथा अपने क्षेत्राधिकार के अंदर पंजीकरण प्रमाण–पत्र जारी करेगा।

आरंभ से ही केंद्रीय और राज्य सरकार के पंजीकरण प्राधिकारियों ने 31 मार्च, 2009 तक सहकारी, निजी और सरकारी सेक्टर में कुल मिलाकर 960.0 लाख लीटर प्रति दिन की दुग्ध प्रोसेसिंग क्षमता वाली 865 डेयरी इकाइयों का पंजीकरण किया है। इसके अलावा, वर्ष 2008–09 के दौरान, केंद्रीय पंजीकरण प्राधिकारी (सीआरए) ने दूध की प्रोसेसिंग के लिए 25.0 एलएलपीडी की दुग्ध प्रोसेसिंग क्षमता वाली इकाइयों को 12 नये पंजीकरण स्वीकृत किए हैं (9 डेयरी इकाइयों को दुग्ध प्रोसेसिंग के लिए और बाकी तीन इकाइयों को विपणन/ व्यवसाय के लिए), 14 डेयरी इकाइयों की दुग्ध प्रोसेसिंग क्षमता को बढ़ाकर 43.40 एलएलपीडी कर दिया है और 24.35 एलएलपीडी क्षमता वाली 10 डेयरी इकाइयों का पंजीकरण रद्द कर दिया है। 31 मार्च 2009 तक सीआरए द्वारा पंजीकृत की गई 366 डेयरी इकाइयों में से इस समय, 669.0 एलएलपीडी की कुल दुग्ध प्रोसेसिंग क्षमता वाली 232 डेयरी इकाइयां कार्यात्मक चरण में हैं, 17 डेयरी इकाइयों को व्यापार/विपणन के उद्देश्य के लिए पंजीकृत किया गया है और 117 डेयरी इकाइयों के पंजीकरण रद्द कर दिए गए हैं।

अब इसे खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 की धारा 99 के अंतर्गत दुग्ध एवं दुग्ध उत्पाद विनियमन के रूप में शामिल कर लिया गया है और इसका कार्यान्वयन भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं

